# तेरे द्वार आ गई | By Aparna Mishra

सजा है आज तेरा दरबार सांवरे
आई हूँ मैं लेके उपहार सांवरे
आये हैं कितने बिगड़ी किस्मत लेके
पल में तूने दी है संवार सांवरे

करने आजा मैं नज़ारा तेरे धाम का
खाटू वाले सांवरे मैं तेरे द्वार आ गई
तेरे द्वार आ गई दरबार आ गई
दरबार आ गई द्वार आ गई
करने आज मैं नज़ारा तेरे धाम का
खाटूवाले सांवरे मैं तेरे द्वार आ गई

तेरे सिवा मुझे कुछ ना भाये
तेरी और ये दिल खिंचा आये
श्याम.........
जादू है ये श्याम तेरे शिंगार का
तुमसे मिलने को होके बेकरार आ गई
तन पे डाल के ये चोला तेरे नाम का
खाटूवाले सांवरे मैं तेरे द्वार आ गई

लेके बाबा नाम तुम्हारा
मिट गया दु:ख पल में हमारा
श्याम........
तूने दिया मुझे सुख संसार का
करने शुक्राना तेरे दरबार आ गई
लेके हाथों में निशान तेरे नाम का
खाटूवाले सांवरे मैं तेरे द्वार आ गई

तेरे दरस की अँखियाँ प्यासी
मुझे बना लो चरणों की दासी
श्याम........
देदो मौका बाबा सेवा सत्कार का
तेरी सेवा करने बन के सेवादार आ गई
पाने आज मैं सहारा तेरे प्यार का
खाटूवाले सांवरे मैं तेरे द्वार आ गई

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%86-%e0%a4%97%e0%a4%88-by-aparna-mishra/